कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.01.2022

गर्ल्स कॉलेज में ऑनलाईन कक्षाऐं प्रारंभ

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में उच्चशिक्षा विभाग के निर्देशानुसार छात्राओं की भौतिक उपस्थिति प्रतिबंधित करने के बाद पढ़ाई के लिए ऑनलाईन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आज महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में प्राध्यापकों की बैठक आयोजित की गई जिसमें कला, वाणिज्य, विज्ञान संकाय की ऑनलाईन कक्षाओं की समय सारिणी जारी की गई। छात्राओं को उनके कक्षावार बने ग्रुप में समय सारिणी प्रेषित की गई है। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने जानकारी दी कि स्नातक स्तर पर सभी संकाय में तीन यूनिट का अध्यापन कार्य प्रत्येक विषय में पूर्ण हो गया है। शेष दो यूनिट को ऑनलाईन अध्यापन व्यवस्था के माध्यम से पूर्ण किया जावेगा।

प्राचार्य डॉ0 तिवारी ने सेमेस्टर परीक्षाओं के संबंध में विश्वविद्यालय से प्राप्त निर्देशों की चर्चा करते हुए व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राध्यापक डॉ0 ऋचा ठाकुर ने जानकारी दी कि आंतरिक मूल्यांकन का कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है। कुछ विषयों के प्रश्नपत्र ग्रुप में भेजे जा रहे हैं। बैठक में स्नातक स्तर के प्रायोगिक कार्य की भी समीक्षा की गई तथा विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित करने तैयारियों की जानकारी विभागाध्यक्षों ने दी।

प्राचार्य ने महाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के द्वारा जमा किए जानी वाली हार्डकापी के लिए अलग–अलग काऊंटर बना कर व्यवस्था करने के निर्देश दिए जिससे एक जगह भीड़ न हो तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो। बैठक में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत महाविलय के जोड़ीदार महाविद्यालय शासकीय महिला पालीटेक्निक, अहमदाबाद के प्रभारी को मकर संक्राति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। बैठक में सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)